STUDENT EXCHANGE PROGRAM
Supported by IQAC

दैनिक भास्कर

16-Feb-2020
पलामू भास्कर Page 3

छात्रों के व्यक्तित्व निर्माण में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम है कारगर : प्राचार्य

भास्कर न्यूज़ | मेदिनीनगर

महुआडांड़ संत जेवियर कॉलेज के शिक्षक व छात्रों की टीम परिभ्रमण पर जीएलए कॉलेज पहुंची। भ्रमण कार्यक्रम के तहत स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम का आयोजन भी किया गया। इसके तहत जीएलए कॉलेज तथा संत जेवियर कॉलेज के छात्रों ने एक-दूसरे के साथ वैचारिक आदान-प्रदान किया। दोनों कॉलेजों में पढ़ाई के तरीकों पर चर्चा व विमर्श किया गया। छात्रों व शिक्षकों ने एक दूसरे से पठन-पाठन के तरीके के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने गीत तथा लोक परंपराओं के माध्यम से एक दूसरे के रहन-सहन तथा उनकी संस्कृति के बारे में भी जाना। स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत जीएसए कालेज में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य आईजे खलको तथा संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष विभा शंकर ने किया। मौके पर प्राचार्य ने कहा कि महुआडांड़ संत जेवियर कॉलेज के शिक्षक व छात्रों के इस दल ने निश्चित रूप से एक नयी पहल की है। ऐसा कर कॉलेज प्रबंधन ने सराहनीय कदम उठाया है।

प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक और छात्रों के बीच का यह वैचारिक आदान-प्रदान सचमुच एक दूसरे को जानने व समझने में लाभकारी साबित होगा। हिंदी विभागाध्यक्ष विभा शंकर ने कहा कि हमारी परंपरा और संस्कृति में भ्रमण का बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। कई संत व कबीर जैसे महान युग दृष्टाओं ने भ्रमण के माध्यम से ही इतनी ख्याति अर्जित की है। टूर कार्यक्रम कार्यक्रम के तहत महुआडांड़ कालेज के यहां पहुंचे 70 छात्र तथा 30 शिक्षकों ने नव निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन व केंद्रीय पुस्तकालय को भी देखा। जीएलए कॉलेज के शिक्षक व छात्रों के साथ शैक्षणिक स्थिति पर भी चर्चा की और यह जाना की उनके और इस कॉलेज के पढ़ाई के तरीके कैसे और किस तरह के हैं। इस अवसर पर एनएसएस कोऑर्डिनेटर इंद्रजीत प्रसाद, डॉ. एसके सिंह, रीमा रेणु कुंडुलना, प्रीति, कमलेश, ज्योति, घनश्याम, कोमल व श्रवण कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

GANESH LAL AGRAWAL COLLEGE
Nilamber-Pitamber University
Medininagar,(Palamau), Jharkhand - 822102
गणेश लाल अग्रवाल कॉलेज
नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय
मेदिनीनगर,पलामू,झारखण्ड-822102
STUDENT EXCHANGE PROGRAM
Student
Exchange
Program
हिन्दी विभाग
Date: 13-02-2020
Name of the institution participated:
Supported by IQAC
St.Xavier's College
Mahuadanr
Latehar 822119

STUDENT EXCHANGE
Student
Exchange
Program
हिन्दी विभाग
Date: 13-02-2020
Name of the institution participated:
Supported by IQAC
St.Xavier's College
822119

STUDENT EXCHANGE PROGRAM
Student
Exchange
Program
हिंदी विभाग
Name of the institution participated:
Supported by IQAC
St.Xavier's College
Mahuadanr
Latehar 822119
IQAC